>

Title: Need to set-up a Rail Coach Factory in Banda, Uttar Pradesh.

श्री महेन्द्र प्रसाद निषाद (फतेहपुर) : महोदय, मैं उत्तर प्रदेश राज्य के बुंदेलखंड क्षेत्र की ओर माननीय प्रधानमंत्री और माननीय रेल मंत्री, भारत सरकार का ध्यान आकृÂ ष्ट करना चाहता हूं और कहना चाहता हूं कि बुंदेलखंड क्षेत्र आजादी के बाद से लेकर आज तक उपेक्षित रहा है जिसके कारण यह क्षेत्र पिछड़े क्षेत्र के नाम से जाना जाता है और इस क्षेत्र में कोई बड़ा कल कारखाना न होना भी एक कारण है।

अतः मैं माननीय प्रधान मंत्री व माननीय रेल मंत्री से मांग करता हूं कि बुंदेलखंड क्षेत्र के समुचित विकास हेतु रेल कोच पैक्ट्री की स्थापना भूरागढ़ जनपद बांदा में किया जाये ताकि स्थानीय जनता को इसका लाभ मिल सके।